## एक नज़र में

### कुमुदलता महाराज का चातुर्मास महावीर भवन संघ में घोषित



**इंदौर.** पौष दशम प्रभु पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक के पावन दिवस पर मालपुरा दादाबाड़ी की पुण्य धरा पर परम पूज्य गुरुदेव जैन दिवाकर चौथमल महाराज की परंपरा का निर्वहन करने वाली मालव सिंहनी महासती कमलावती महाराज की सुशिष्या अनुष्ठान आराधिका डॉ कुमुदलता महाराज आदि ठाणा 4 के श्री चरणों में इंदौर महावीर भवन का श्रावक संघ डीपीन नेमनाथ जैन, रमेश भंडारी, प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन, राजकुमार जैन, अशोक मंडलीक, सुभाष विनायक्या, समरथ मल जैन, नरेंद्र मेहता, हुलास बैताला संकेत जैन, राजेश सुराना, राकेश कोठारी एवं रेणु जैन आदि आगामी संकल्पमय वर्षावास 2026 की विनंती लेकर उपस्थित हुआ. डीपीन जैन, रमेश भंडारी ने बताया कि गुरुदेव कुमुदलता महाराज ने कहा कि महावीर भवन इंदौर की विनती काफी समय से आप करते आ रहे है परंतु अब अवसर आया है हम साध्वी मंडल आगामी चातुर्मास में सकल संघ को जप, तप, तपस्या और धर्म भावना के साथ धर्म से जोड़ने का प्रयास रहेगा. प्रकाश भटेवरा ने बताया कि आज सुखद संयोग रहा कि महासती महाप्रज्ञा महाराज का आज जन्मदिन था. सभी ने गीत के माध्यम से शुभकामनाये प्रेषित की. आचार्य सम्राट डॉ शिवमुनि महाराज, प्रवर्तक विजय मुनि महाराज, उपाध्याय प्रवर गौतम मुनि महाराज, प्रवर्तनी महासती चन्दना महाराज की आज्ञा प्राप्त कर आज चातुर्मासिक आगारों सहित वर्द्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ ट्रस्ट महावीर भवन, इमली बाजार, इंदौर संघ को प्रदान करने की घोषणा की.

### एनीमिया व अंगदान जागरूकता के लिए वॉकाथॉन



**इंदौर.** एनीमिया और अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मिताशा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'द ग्रैंड वॉकाथॉन 2025' का आयोजन जनआंदोलन के रूप में किया. सुबह 7 बजे नेहरू स्टेडियम से आरंभ होकर पलासिया चौराहा होते हुए पुन: नेहरू स्टेडियम पर समाप्त हुए इस वॉकाथॉन में शहर के लगभग 7,000 नागरिकों ने सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य, संवेदनशीलता और मानवता के समर्थन में एकजुट कदम बढ़ाए. वॉकाथॉन का शुभारंभ सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, संभागायुक्त सुदाम खाडे तथा इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान आयोजित अंगदान शिविर ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया, जिसका प्रमाण पत्र सांसद शंकर लालवानी द्वारा मिताशा फाउंडेशन को प्रदान किया गया. इस जनआंदोलन में डॉक्टरों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, सुरक्षा बलों तथा विशेष आमंत्रित प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके 9 पदक विजेता खिलाड़ियों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष प्रेरणा और गौरव प्रदान किया. शहर के 108 से अधिक सामाजिक एवं सेवा संगठनों ने सक्रिय सहभागिता कर इस अभियान को व्यापक समर्थन दिया. सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि स्वस्थ समाज ही मजबूत और प्रगतिशील भारत की नींव है. अंगदान किसी को नया जीवन दे सकता है, वहीं एनीमिया पर जागरूकता हमारी युवा पीढ़ी के भविष्य की रक्षा करती है. मिताशा फाउंडेशन के संस्थापक आलोक सिंगी ने कहा, जब कोई अभियान जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ता है, तभी स्थायी परिवर्तन संभव होता है.

### जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में नेशनल लोक अदालत

**इंदौर.** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोगों में आयोजित नेशनल लोक अदालत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई. इंदौर क्रमांक-2 के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष विकास राय द्वारा बताया गया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया. इस लोक अदालत में मुख्य जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक-2 इंदौर में 37 प्रकरण एवं सम्बद्ध जिला आयोग इंदौर क्रमांक-1 में 38 प्रकरण एवं जिला आयोग मण्डलेश्वर में 3 प्रकरण इस प्रकार कुल 78 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामे के आधार पर किया गया, जिनमें कुल 82 लाख 65 हजार 699 रुपये के अवॉर्ड पारित किये गये.



### शिव महाराज पाटील को पत्नी शोक



**इंदौर.** शहर के प्रख्यात रसोईए एवं मिठाई निर्माता शिव महाराज पाटील की धर्मपत्नी तथा यशवंत पाटील की मातुश्री श्रीमती नलिनी पाटील का आज आकस्मिक निधन हो गया. वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं. श्रीमती पाटील धार्मिक सामाजिक सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी बनी रहीं. प्रतिवर्ष अपने निवास पर ढाई दिन के लिए गौरी मां को आमंत्रित कर उनकी पूजा-अर्चना का उत्सव वे पिछले कई वर्षों से मनाती आ रही थीं. अंतिम यात्रा सोमवार 15 दिसम्बर को सुबह 10 बजे उनके पवनपुरी पालदा, रूबी स्टील वाली गली से रीजनल पार्क मोक्ष धाम जाएगी.

# हिल रन : रालामंडल में गूंजा फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- रविवार सुबह पहाड़ियों पर दौड़े सैकड़ों प्रतिभागी
- वन संरक्षण को लेकर दिखी नागरिक सहभागिता



**इंदौर.** रालामंडल अभयारण्य में रविवार सुबह हिल रन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. सुबह 7.14 बजे शुरू हुआ यह आयोजन करीब दो घंटे तक चला, जिसमें शहर के युवाओं, फिटनेस प्रेमियों और प्रकृति से जुड़ाव रखने वाले नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. आयोजन के दौरान रालामंडल की पहाड़ियों पर फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश एक साथ देखने को मिला.

डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि रन का आयोजन इंदौर वन मंडल और इंडोर सुपरचार्जर्स हेल्थ एंड वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से किया. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे (आईएफएस) भी विशेष रूप से मौजूद रहे. उनके साथ वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए. मिश्रा ने यह भी बताया कि आयोजन में करीब 250 से 275 प्रतिभागियों ने भाग लिया. दौड़ के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखा गया और पूरे रूट पर वन विभाग की टीम ने व्यवस्थाएं संभालीं. तेजी से फैलते शहरीकरण के बीच जंगलों का संरक्षण केवल नियम कायदों से संभव नहीं है. इसके लिए आम नागरिकों की भागीदारी जरूरी है.

### जंगल जीवन को सहारा देने वाला तंत्र

डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों के जरिए लोग जंगलों को सिर्फ घूमने की जगह नहीं, बल्कि शहर के जीवन को सहारा देने वाले तंत्र के रूप में समझने लगते हैं. हिल रन के जरिए यह संदेश दिया गया कि मानव स्वास्थ्य और स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र एक दूसरे से गहराई से जुड़े हैं. मिश्रा का कहना है कि रालामंडल जैसे पहाड़ी वन क्षेत्र जलवायु संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता संरक्षण और भूजल स्तर को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं. इस तरह के कार्यक्रमों से फिटनेस, प्रकृति और समाज को एक मंच पर जोड़ा जा सकता है. रालामंडल हिल रन को नागरिक सहभागिता आधारित वन संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है.

# संजय सेतु पार्किंग से युवक को 36 .39 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है. टीम ने संजय सेतु के पास पार्किंग क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर की तस्करी में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 36.39 ग्राम ब्राउन शुगर और एक दोपहिया वाहन जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 4.50 लाख रुपए बताई जा रही है.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शहर में नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के आदेश पर क्राइम ब्रांच द्वारा लगातार गोपनीय सूचनाएं एकत्र कर कार्रवाई की जा रही है. जिसके तहत टीम संदिग्धों की तलाश और पड़ताल कर रही थी, तभी संजय सेतु पार्किंग क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में दिखाई दिया.



पुलिस को देखकर वह घबरा गया, जिसके बाद टीम ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम देवीलाल मीणा निवासी प्रतापगढ़, राजस्थान बताया. तलाशी लेने पर उसके पास से 36.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर और एक होंडा स्प्लेंडर दोपहिया वाहन बरामद किया कर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया.

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक कीमत

# आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के हाईटेक परिचय सम्मेलन के लिये मिली 1800 प्रविष्टियां

- शुभकारज गार्डन पर 28 दिसंबर को होगा आयोजन

**इंदौर.** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में अ.भा. सर्व ब्राह्मण हाईटेक युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर होगा. सम्मेलन के लिए 1800 से अधिक प्रविष्ठियां मिल चुकी हैं. इनमें देश के हिन्दी भाषी राज्यों के अलावा अमेरिका, यूरोप एवं अन्य देशों में कार्यरत भारतीय मूल के उच्च शिक्षित प्रत्याशी भी शामिल हैं. प्रविष्टियों के आने का क्रम लगातार जारी हैद्य प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर को शाम 7 बजे तक तय की गई है. सम्मेलन के सुचारु संचालन के लिये अनेक समितियों का गठन हो चुका है। सम्मेलन में अनेक विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे.

न्यास के परिचय सम्मेलन प्रकोष्ठ के मुख्य संरक्षक विधायक रमेश मेंदोला, संरक्षक पं. दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा काका, संयोजक पं. ओमप्रकाश शर्मा, आशीष शर्मा एवं भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंच पर चलने वाली प्रक्रिया को मेगा स्क्रीन के माध्यम से सभागृह में उपस्थित प्रत्याशी एवं पालक भी देख सकेंगे. बहुरंगी पुस्तिका परिचय दर्पण में सभी प्रत्याशियों के सचित्र विवरण प्रकाशित किए जा रहे हैं, जिनका प्रसारण संबंधित प्रत्याशी के परिचय के समय मेगा स्क्रीन पर भी किया जाएगा.

अध्यक्ष डॉ. लोकेश जोशी एवं समन्वयक राजेन्द्र शर्मा और अखिलेश शर्मा ने बताया कि सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश

# पालकी में विराजे भगवान... जय पार्श्वनाथ के गूंजे जय घोष

- भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक महोत्सव, समाज जनों का हुजूम उमड़ा

**इंदौर.** पश्चिम क्षेत्र के पार्श्व कल्प तरु धाम पर रविवार सुबह से शाम तक श्वेतबर जैन समझ जनों का जमावड़ा लग रहा. केसर, चंदन से अभिषेक पूजन के बाद सुसज्जित पालकी में भगवान पार्श्वनाथ के जय घोष के साथ निकली, कालोनी क्षेत्र में जगह जगह स्वागत हुआ, इसके बाद फिर पुजन का क्रम दोपहर 1बजे तक रहा. 4बजे तक स्वामीवासलय में हजारों समाज जनों की सहभागिता रही.

पश्चिम क्षेत्र धारणीधर पार्श्वनाथ जिनालय हाई लिंक सिटी में रविवार को भगवान का जन्मकल्याणक मनाया गया, ट्रस्ट एवं श्री संघ अध्यक्ष पुंडरीक पालरेचा ने बताया कि अल सुबह शहनाई वादन, 7 बजे से पूजन



का क्रम शुरु होगा था. 9 बजे पालकी यात्रा शुरू हुई युवाओं ने पूजन के पारंपरिक वस्त्रों में सुसज्जित पालकी उठाई, दादा धरणीधर और भगवान पार्श्वनाथ के जय घोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा. जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया. बड़ी संख्या में समाज जन इस पालकी यात्रा के सहभागी बने. 11 बजे जिनालय में अभिषेक का क्रम शुरू हुआ जो देर तक जारी रहा. प्रतिमाओं की सज्जा के साथ जिनालय में भी फूल बंगला सजायागया. दोपहर 1 बजे स्वामी वात्सल्य शुरू हुआ जो 4 बजे तकजारी रहा. वहीं शाम तक दर्शनों के लिए श्रद्धालुआ का आना जारी था, इस अवसर पर प्रमुख रूप से शांतू पालरेचा, अनिल महाराजा, अर्पित मारु, शेखर गेलड़ा, कपिल कोठारी, दीपक सुराणा, विशाल बम, सुरेश लोढ़ा, दिलीप खिमेसरा, जयंत खाबिया, धीरज पालरेचा, श्रेयांश जैन आदि प्रमुख रूप से शामिलहुए.

# ब्रेन डेथ पूरी तरह कानूनी और वैज्ञानिक प्रक्रिया

- एनएसआईकॉन का समापन

**इंदौर.** ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के 73वें एनुअल कॉन्फ्रेंस एनएसआईकॉन का रविवार को समापन हुआ. चार दिनों तक चले इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देश और विदेश से आए 1600 से अधिक न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, शोधकर्ता, न्यूरो नर्सेस और मेडिकल प्रोफेशनल्स ने भाग लिया. सम्मेलन के दौरान ब्रेन स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर, एपिलेप्सी, स्पाइन की बीमारियां, न्यूरो ट्रॉमा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक सर्जरी और न्यूरो नर्सिंग जैसे विषयों पर गहन वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए गए.



ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. वसंत डाकवाले ने कहा, सम्मेलन ने यह साबित किया कि चिकित्सा केवल इलाज नहीं, बल्कि समाज को सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी भी है. ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. जे. एस. कठपाल ने कहा इंदौर शहर अब न्यूरोसाइंस जैसे बड़े राष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है. ब्रेन डेथ और अंगदान को लेकर हुई वर्कशॉप में श्री चित्रा तिरुनाल इंस्टिट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज् एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम के एचओडी, न्यूरोसर्जरी डॉ. ईश्वर एच. वी ने कहा ब्रेन डेथ एक पूरी तरह कानूनी और वैज्ञानिक प्रक्रिया है. एक ब्रेन डेथ मरीज 7 से 8 लोगों को अंगदान के माध्यम से नया जीवन दे सकता है. चित्रा तिरुनाल इंस्टिट्यूट से फेलो, न्यूरोसर्जरी डॉ. पूजा चौधरी ने कहा मध्यप्रदेश और इंदौर में डीप ब्रेन स्टिमुलेशन और एपिलेप्सी सर्जरी की अत्यधिक आवश्यकता है.

### सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

सम्मेलन के समापन पर न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मानस पाणिग्रही और नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. श्रीधर ने कहा वैज्ञानिक सत्रों के साथ जिस तरह सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रमों को जोड़ा गया, वह विशेष रूप से प्रेरणादायक रहा. 'रन फॉर ब्रेन' जैसे अभियानों को अन्य शहरों में भी लागू करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि ब्रेन हेल्थ और सड़क सुरक्षा को लेकर पूरे देश में जागरूकता बढ़े. 'न्यूरोथॉन इंदौर- रन फॉर ब्रेन, वियर हेलमेट' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से हेड इंजरी की रोकथाम और हेलमेट पहनने का संदेश दिया.

# सौतेले पिता पर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने ही सौतेले पिता पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस की शरण ली है. युवती की शिकायत पर पुलिस ने छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. आरोपी वारदात के बाद से फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है.

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि निजी कंपनी में कार्यरत एक युवती अपनी मां के साथ थाने पहुंची थी. उसने बताया कि वह शाम को सहेली के घर से लौटकर घर आई थी. नहाने के बाद जब वह अपने कमरे में कपड़े बदल रही थी, तभी उसे आहट महसूस हुई. पलटकर देखा तो उसका सौतेला पिता पलंग के पीछे छिपकर उसे देख रहा था. युवती के विरोध करने और चिल्लाने पर आरोपी ने उसके साथ बदसलूकी करते हुए उसे धक्का दिया और जबरन पास खींचने की कोशिश की. शोर सुनकर मां रसोई से कमरे में पहुंची, लेकिन आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की. हालात बिगड़ते देख पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी.

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मां का करीब 15 साल पहले तलाक हो गया था, जिसके बाद उन्होंने विश्वपाल नामक व्यक्ति से दूसरी शादी की थी.

# रात की चेकिंग में हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने मचाया हंगामा

- पुलिसकर्मी को घेरकर दिया धक्का, हो गया फरार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सदर बाजार इलाके में रात्रि गश्त के दौरान एक कुख्यात बदमाश की तलाशी लेने पहुंचे पुलिसकर्मी को उसके साथियों ने घेर लिया. करीब एक दर्जन लोगों की मौजूदगी में बदमाश ने न सिर्फ पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया, बल्कि धक्का देकर मौके से भाग निकला. पूरी घटना का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर सामने आया है.

घटना 11 दिसंबर की रात सदर बाजार कब्रिस्तान के पास की बताई जा रही है. क्षेत्र का शातिर बदमाश शाकाल, जिस पर दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, देर रात खुले स्थान पर आग तापते हुए बैठा था. इसी दौरान गश्त करते हुए सदर बाजार थाने के हेड कॉन्स्टेबल धीरेन्द्र राठौर वहां पहुंचे और संदेह के आधार पर उसकी चेकिंग शुरू की. तलाशी के दौरान शाकाल उग्र हो गया और मौके पर मौजूद अपने साथियों को बुला लिया. आरोप है कि बदमाश ने पुलिसकर्मी को घेरते हुए वीडियो बनवाना शुरू कर दिया और चेकिंग का विरोध किया. हेड कॉन्स्टेबल ने स्थिति संभालते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने की बात कही, लेकिन इसी बीच शाकाल ने उन्हें धक्का दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया.

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी यशवंत बड़ोले मौके पर पहुंचे और आसपास के क्षेत्र में तलाश शुरू कराई गई. वहीं मामले में एसीपी विवेक सिंह का कहना है कि यह कार्रवाई पुलिस की नियमित चेकिंग का हिस्सा थी. आरोपी शाकाल पुराना हिस्ट्रीशीटर है और ऐसे तत्वों की निगरानी के निर्देश वरिष्ठ स्तर से दिए गए हैं. पुलिसकर्मी पूरी तरह ड्यूटी के तहत कार्रवाई कर रहे थे. उनका कहना है कि फरार बदमाश और उसके साथियों की पहचान कर ली गई है.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य**

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 92/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-12 तक

**निविदा आमंत्रण**

दिनांक: 11.12.2025

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 08-11-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_467721_1 | झोन क्र.16 वार्ड क्र.15 के अन्तर्गत गांधी नगर संत मार्ग के पीछे विमलेश कटियार के मकान से जैन साहब की कॉलोनी तक सड़क का सीमेन्ट कांक्रीट करना। | 120 दिवस ₹11,55,354/- | ₹2,000/- ₹ 8,700/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 02 | 2025_UAD_467723_1 | झोन क्र.16 वार्ड क्र.15 के अन्तर्गत श्री कृष्णा वाटिका ग्रिड से छोटा बांगड़दा रोड तक सीमेन्ट कांक्रीट करना। | 120 दिवस ₹12,67,282/- | ₹2,000/- ₹9,600/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 03 | 2025_UAD_467724_1 | झोन क्र.18 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत चितावद कांकड़ में कम्युनिटी हॉल का निर्माण कर बाउण्ड्रीवॉल बनाना एवं टीन शेड़ का निर्माण करना। | 180 दिवस ₹22,05,291/- | ₹5,000/- ₹16,600/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 04 | 2025_UAD_467726_1 | झोन क्र.16 वार्ड क्र.15 के अन्तर्गत देवधरम टंकी शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन का निर्माण करना व पेव्हर ब्लॉक लगाना। | 180 दिवस ₹24,67,965/- | ₹5,000/- ₹18,600/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 05 | 2025_UAD_467727_1 | झोन क्र.18 वार्ड क्र. 63 के अन्तर्गत श्यामचरण शुक्ल नगर में केसर चौहान वाली गली में स्थित जर्जर सामुदायिक भवन को तोड़कर नवीन भवन का निर्माण करना। | 180 दिवस ₹29,47,526/- | ₹5,000/- ₹22,200/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 06 | 2025_UAD_467728_1 | झोन क्र.03 वार्ड क्र. 56 के अन्तर्गत सम्पूर्ण स्नेहलतागंज में डामरीकरण करना। | 240 दिवस ₹66,59,550/- | ₹10,000/- ₹50,000/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 07 | 2025_UAD_467730_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अन्तर्गत बोहरा कॉलोनी गांधी नगर में टी.आई. टाण्डे के मकान से गांधी नगर मुक्तिधाम तक रोड का सीमेन्ट कांक्रीट करना। | 240 दिवस ₹68,07,603/- | ₹10,000/- ₹51,100/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 08 | 2025_UAD_467731_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत कौशल्यापुरी नंदनवन कॉलोनी एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर आवश्यकतानुसार पेव्हर ब्लॉक लगाना। | 180 दिवस ₹39,54,546/- | ₹5,000/- ₹29,700/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 09 | 2025_UAD_467732_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 51 के अन्तर्गत अभिषेक नगर में चौधरी पार्क पुलिया से नेमावर रोड तक क्षतिग्रस्त सड़क का सिमेन्टीकरण करना। | 240 दिवस ₹75,69,717/- | ₹10,000/- ₹56,800/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 10 | 2025_UAD_467734_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 51 के अन्तर्गत नेमावर रोड प्रभु तोल कांटा के सामने स्थित न्यू अभिषेक नगर कॉलोनी में रोड का लेवल ऊपर कर नवीन सीमेन्ट कांक्रीट रोड बनाना। | 240 दिवस ₹52,01,491/- | ₹10,000/- ₹39,100/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 11 | 2025_UAD_467738_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 63 के अन्तर्गत कान्हा नदी के किनारे बालाजी मंदिर ब्रिज से बालभवन की तरफ महादेव घाट तक रिटेनिंग वॉल का निर्माण करना। | 240 दिवस ₹65,10,280/- | ₹10,000/- ₹48,900/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |
| 12 | 2025_UAD_467741_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 60 के अन्तर्गत जवाहर मार्ग से चंपाबाग एवं श्री गौड़ विद्या मंदिर तक रोड निर्माण एवं अन्य सिविल कार्य करना। | 240 दिवस ₹1,94,83,642/- | ₹12,500/- ₹97,500/- | 13-01-2026 6.00 PM 15-01-2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर


**एक नजर में** | ओमशांति भवन में मीडिया विमर्श का आयोजन

# विश्व में शांति के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि : श्रीवास्तव

**इंदौर.** ब्रह्माकुमारीज के मीडिया प्रभाग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इंदौर ज़ोन के क्षेत्रीय निदेशक रहे राजयोगी ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश 'भाईजी' की 10वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर रविवार को न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर, ओमशांति भवन में मीडिया विमर्श का आयोजन किया गया. विमर्श का विषय था समाज में शांति, एकता एवं विश्वास को बढ़ावा देने में मीडिया की भूमिका.

कार्यक्रम में नई दिल्ली से मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डीडी न्यूज़ के वरिष्ठ पत्रकार प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान दौर में मीडिया का स्वरूप तेजी से बदला है और सोशल मीडिया ने इसे गहराई से प्रभावित किया है. समाज में जो गलत हो रहा है, उसे सामने लाना भी मीडिया की जिम्मेदारी है, क्योंकि सकारात्मक



और नकारात्मक दोनों पहलुओं को दिखाना आवश्यक है. आतंकवाद और व्हाइट कॉलर टेररिज्म जैसे विषयों पर चर्चा करना नकारात्मकता नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना है. पत्रकार का पहला भाव राष्ट्र प्रथम होना चाहिए और देश सर्वोपरि रहना चाहिए. ज़ोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि ओमप्रकाश 'भाईजी' मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता के पक्षधर थे. वर्तमान समय में समाज में अनेक धर्म, जाति, भाषा और संस्कृतियां हैं, किंतु आपसी मतभेद, अविश्वास और तनाव के कारण वसुधैव कुटुम्बकम की भावना कमजोर होती जा रही है. समाज में शांति और एकता स्थापित करने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व के साथ सकारात्मक एवं मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता से ही समाज में विश्वास कायम हो सकता है।

### शांति और विश्वास का संदेश हो

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय, रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ. मानसिंह परमार ने कहा कि ओमप्रकाश 'भाईजी' ने मीडिया के लिए आचार संहिता का निर्माण किया था. अखबारों और मीडिया में शांति और विश्वास का संदेश होना चाहिए. मूल्यपरक पत्रकारिता में राष्ट्र, समाज और व्यक्ति को प्राथमिकता मिलनी चाहिए. मीडिया विमर्श में वरिष्ठ पत्रकार अनिल कर्मा, विवेक सेठ, कीर्ति राणा, नवनीत शुक्ला, सुदेश तिवारी, शक्ति सिंह परमार, बृजेश जोशी. शीतल रॉय ने भी संबोधित किया. जमुना मिश्रा, जितेंद्र शर्मा, लोकेश पालीवाल, पुष्पेंद्र वैद्य समेत अनेक वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए. प्रियंका कौशल ने कार्यक्रम का संचालन किया. अनिता दीदी ने उपस्थितजनों को राजयोग की अनुभूति कराई. ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने सभी को व्यसन मुक्ति की शपथ दिलाई.